भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

02.02.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 121 का उत्तर

कोर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए राशि जारी किया जाना

121. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क): रेलवे के पीएसयू द्वारा कोर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर कितने प्रतिशत राशि जारी की है, तत्संबंधी राज्य-वार, पीएसयू-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): वर्ष 2023-24 के दौरान दिसंबर 2023 तक राइट्स लिमिटेड, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, रेल विकास निगम लिमिटेड, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा 'लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण' थीम पर उपगत कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व व्यय लगभग ₹1031.04 लाख है।

वर्ष 2023-24 के दौरान दिसंबर 2023 तक आंध्र प्रदेश, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों में 'लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण' थीम पर कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व परियोजनाएं/कार्यकलाप शुरू कर दिए गए हैं।

*****